प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वृंदावन में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल में नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का किया लोकार्पण : कहा– देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है सरकार।
2. नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का काम पूरा : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 28 मार्च को उद्‌घाटन प्रस्तावित।
3. अकोदत और उल्लास के साथ कल मनाया जाएगा ईद का त्योहार : इबादतगाहों के आसपास पुलिस ने सुरक्षा और यातायात क किए व्यापक प्रबंध।

और

4. राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में बारिश से तापमान में आई गिरावट : फसलों को हुए नुकसान से बढ़ी किसानों की बेचैनी।

———————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज उत्तर प्रदेश दौरे के दूसरे दिन वृंदावन में प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। प्रेमानंद महाराज ने राष्ट्रपति को ब्रज की महिमा और सेवा भाव का महत्व समझाया। इसके बाद राष्ट्रपति ने वृंदावन में बाबा नीब करौली आश्रम में दर्शन पूजन किया

और रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल में नंद किशोर सोमानी ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्‌घाटन किया। यहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार आज स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और प्रत्येक नागरिक के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। बाइट...

*केंद्र सरकार देश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रहे हैं। आयुष्मान भारत जैसे ऐतिहासिक योजना के माध्यम से करोड़ों नागरिकों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर के इलाज को भी कवर किया जा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल रहा है।*

राष्ट्रपति ने वृंदावन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बताते हुए कहा कि यहां की पावन धरा केवल एक भू–भाग नहीं, बल्कि दिव्यता और भक्ति का जीवंत अनुभव है। बाइट.....

*वृंदावन के पावन धरा केवल एक भूभाग नहीं है बल्कि दिव्यता और भक्ति का जीवंत अनुभव है। यह वही पवित्र भूमि है जिसने सदियों से संतों और भक्तों को आध्यात्मिक चेतना प्रदान करती आ रही है।*

राष्ट्रपति ने आज शाम वात्सल्य ग्राम का भी दौरा किया। वह कल गोवर्धन के दानघाटी मंदिर में दर्शन पूजन के साथ ही पारंपरिक गोवर्धन परिक्रमा करेंगी।

———————————

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि मंदिर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे को मंदिर के निर्माण की दिशा में एक प्रतीकात्मक मील का पत्थर बताया है। उन्होंने बताया कि मुख्य मंदिर का काम अब पूरा हो चुका है। आगे की रुपरेखा के लिए कल ट्रस्ट की बैठक होगी। बाइट.....

*कार्यक्रम अपने में राष्ट्रीय महत्व का है क्योंकि उन्होंने मंदिर की पूर्णता का जो प्रतीक है उसे संपन्न किया। मंदिर का सभी कार्य पूर्ण हो गया है। कल मैंने निरीक्षण किया जो पुराने मंदिर के स्मारक के रूप में मेमोरियल बना है। वह अभी पूर्ण हो गया है।*

———————————

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन प्रस्तावित है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विकास चार चरणों में एक मल्टी–मॉडल कार्गो हब के साथ किया जा रहा है। पहले चरण में एक रन–वे और एक टर्मिनल के साथ एयरपोर्ट का शुभारंभ होगा। जेवर से विधायक धीरेन्द्र सिंह ने इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बताया है। बाइट.....

*आने वाला समय जो 28 मार्च का है, जिस दिन देश के प्रधानमंत्री दोबारा जेवर की सरजमी पर तशरीफ ला रहे हैं, वह दिन ऐतिहासिक होगा और जेवर उस उड़ान तक पहुंचेगा जिसकी कभी हमने भी कल्पना नहीं की थी।*

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का निर्माण कार्य करीब साढ़े चार वर्षों में पूरा हुआ है। इस एयरपोर्ट

**की वार्षिक क्षमता लगभग एक करोड़ बीस लाख यात्रियों की होगी। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*पूरा प्रोजेक्ट तैयार होने पर जेवर एयरपोर्ट पर 5 रनवे होंगे और यह करीब 11 हजार 750 एकड़ में फैला होगा। पहले चरण में एक 3,900 मीटर लम्बा रनवे, 1.38 लाख वर्गमीटर की टर्मिनल बिल्डिंग, 10 एरो ब्रिज, 9 इमिग्रेशन काउंटर और 28 एयरक्राफ्ट स्टैंड तैयार हो गए हैं। इस एयरपोर्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त किया गया है। 48 चेक इन काउंटर, नौ सिक्योरिटी लेंस, 19 इमिग्रेशन काउंटर बनाए गए हैं। एयरपोर्ट पर लगी सेल्फ बैगेज मशीन एक घंटे में 100 से अधिक यात्रियों के बैगेज को हैंडल करने में सक्षम है। एयरपोर्ट प्रवेश के दौरान सुरक्षा जांच के लिए 13 सुरक्षा गेट छह एक्सरे मशीनें लगाई गई है। सुरक्षा जांच के बाद यात्रियों को मात्र 60 मीटर का सफर तय करना होगा। एंट्री से बोर्डिंग गेट तक 15 से 20 मिनट का ही समय लगेगा। यह एयरपोर्ट दिल्ली–एनसीआर और पश्चिमी उत्तर में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों के लिए ना केवल नया विकल्प देगा बल्कि आर्थिक विकास को भी गति देगा। विशाल धर दुबे, आकाशवाणी समाचार, गौतमबुद्ध नगर।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 अभियान की अयोध्या में समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शेष मामलों का निस्तारण 27 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा और अंतिम मतदाता सूची 10 अप्रैल 2026 को जारी होगी।

बाइट.....

*10 अप्रैल 2026 को हमारी अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। कृपया, सभी लोग जो भी भारत के नागरिक उत्तर प्रदेश में रह रहे हैं, सब जरूर अपना नाम जांच लें। यदि किसी का नाम नहीं है तो तुरंत फॉर्म छह भर दें, जिससे जब अगला साल इलेक्शन आए तो यह किसी को शिकायत ना रहे कि हमारा नाम मतदाता सूची में नहीं है।*

———————————

प्रदेश के उद्यान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बताया है कि शीतगृहों को अमोनिया गैस की सप्लाई का आदेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से कुछ कारणों से राज्य के शीतगृहों को उर्वरक कंपनियों ने अमोनिया गैस की सप्लाई रोक दी थी, जिससे किसानों के सामने संकट आ गया था। केन्द्रीय उर्वरक और रसायन मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के सामने आलू किसानों की समस्या रखी गयी थी। दोनों विभागों के समन्वय से अब राज्य के शीतगृह संचालकों का आवश्यक अमोनिया गैस की आपूर्ति निर्बाध रूप से करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

————————

प्रदेश में ईद का त्योहार कल पूरी अकीदत और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। ईद की नमाज को लेकर पुलिस विभाग ने इबादतगाहों के आसपास सुरक्षा और यातायात के व्यापक प्रबंध किए हैं। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने राष्ट्रीय एकता और आपसी भाईचारे के साथ ईद मनाने की अपील की है। पेश है एक रिपोर्ट...

*मौसम में आए अचानक बदलाव के चलते ईदगाहों में नमाजियों को बारिश से बचाने के प्रबंध किए जा रहे हैं। लखनऊ स्थित दारुल उलूम नदवतुल उलेमा में कल ईद की नमाज सुबह 8.00 बजे होगी। इसकी घोषणा मौलाना फरमान ने आज जुमे की नमाज के बाद की। शाही इमाम फजलुल मन्नान रहमानी के अनुसार टीले वाली मस्जिद में कल सुबह 9रू00 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी वहीं ऐशबाग ईदगाह में सुबह 10.00 बजे नमाज होने की घोषणा मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस अधिकारी भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर निरीक्षण कर रहे हैं। त्योहार के दौरान भीड़ प्रबंधन, यातायात और कानून–व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखने के लिये प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

————————

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ के तत्वावधान में आज लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय एनएसएस सम्मेलन के अंतिम दिन कई सत्र आयोजित किए गए। पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने

एक सत्र को संबोधित करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

————————

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में आज मध्यम से तेज बारिश से आम जनजीवन प्रभावित रहा। इससे किसानों की फसलों को भी नुकसान हुआ है। बिजनौर, शामली, फर्रुखाबाद, अमरोहा, कौशांबी, अयोध्या, श्रावस्ती, जौनपुर, पीलीभीत और हमीरपुर समेत कई जिलों में बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव हुआ है। बाइट......

*मेन कारण यह है की जैसे की पश्चिमी शो पास हो रहा है, पंजाब और हरियाणा के पास है तो जिसके वजह से अपने यूपी में पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, एमपी में भी बारिश हुई है और लखनऊ की भी मॉर्निंग में बारिश हुई है। वही बात अगर उत्तर प्रदेश की बात करें तो कल जो पूर्वी उत्तर प्रदेश में है तो कल कुछ जगहों में की बूंदा–बांदी के पूर्वी उत्तर प्रदेश में हो सकता है बाकी कल के बाद पूरी तरीके से मौसम साफ है।*

(समाप्त)